<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज थीम बेस्ड कॉम्पीटीशन का आयोजन</u>

पंतनगर 24 मई 2022। विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक टीम द्वारा 'इंटर कॉलेज थीम बेस्ड कॉम्पीटीशन : इनक्रेडेबल इण्डिया' का आयोजन गांधी हाल में किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित सांस्कृतिक टीम की स्थापना वर्ष 2020 से पूर्व कुलपति, डा. तेज प्रताप; अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह एवं अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, डा. एस.के. कश्यप द्वारा की गई थी। सांस्कृतिक टीम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को भारत की संस्कृति, सभ्यता वैचारिक भावों को जोड़ना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह, सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण, डा. पूनम त्यागी; समन्वयक लिबिरल एजुकेशन, डा. अनिल यादव व अन्य उपस्थित थे।

'इनक्रेडेबल इण्डिया' के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को दी गई थीम, जैसे अच्छाई अथवा बुराई, महिला के अनेक रूप, प्यार की शक्ति आदि पर अपनी प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से 12 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न प्रस्तुतियों में भस्मासुर का वध, कृष्ण–राधा रासलीला, पांडव–कौरव युद्ध, भारत के राज्यों की संस्कृति, नारी–शिक्षा आदि का सजीव चित्रण, नृत्य, भाव–भंगिमा, गायन आदि किया गया। सांत्वना पुरस्कार कृषि महाविद्यालय की टीम को प्राप्त हुआ। तृतीय स्थान भी कृषि महाविद्यालय की टीम सरंग को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर गृहविज्ञान महाविद्यालय की टीम रही तथा पूरे प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार टीम 'शक्ति' कृषि महाविद्यालय ने प्राप्त किया। संस्कृति टीम की स्टाफ़ काउंसलर डा. शेफाली मैसी तथा को–स्टाफ़ काउंसलर डा. ए.के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कराया।

*इंटर कॉलेज थीम कॉम्पीटीशन का शुभारम्भ करते विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शर्मा।*